# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## बागमती प्रमंडल, रून्नीसैदपुर

(E-mail : bdrunnisaidpur@gmail.com)

पत्रांक ......1427....... / रून्नीसैदपुर, दिनांक ......18/08/2026...... /

## —: सूचना :—

माननीय उच्च न्यायालय, पटना के समक्ष दायर LP-A- No- 1265 of 2024 (CWJC No. 8643/2023) एवरमोर इण्डिया प्रा० लि० बनाम बिहार सरकार एवं अन्य के मामले में दिनांक 10.08.2026 को सुनवाई के क्रम में पारित Oral Order के अनुपालन हेतु एवरमोर इण्डिया प्रा० लि० ब्लॉक सी., बिल्डिंग सं०—199, लेवल 3 सर्वोदया इन्क्लेव, न्यू दिल्ली—110017 को सूचित किया जाता है कि बागमती बाढ़ प्रबन्धन योजना फेज—V(a) के तहत प्रस्तावित कुल 52.33 कि.मी. लम्बाई में तटबंध निर्माण कार्य योजना में सन्निहित भू—अर्जन कार्यो यथा—रेखांकण, मकान मय सहन अर्जन एवं पुनर्वासन तथा व्यवस्थापन कार्यो के निष्पादन के निमित भू—अर्जन अधियाचना प्लान तैयार करने हेतु मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर के पत्रांक—1308, दिनांक 17.06.2021 द्वारा आवंटित कार्य के सापेक्ष्य में आपके द्वारा निष्पादित किये गये कार्यो का संयुक्त सत्यापन हेतु इस कार्यालय के पत्रांक—1387, दिनांक 12.08.2026 द्वारा सूचित किया गया है, परन्तु अबतक आप अथवा आपके द्वारा लिखित रूप से प्राधिकृत प्रतिनिधि के अनुपस्थिति में माननीय उच्च न्यायालय, पटना के आदेश के अनुपालन में विलम्ब हो रहा है। विदित हो कि माननीय उच्च न्यायालय, पटना के आदेशानुसार संयुक्त सत्यापन का प्रतिवेदन अवमाननावाद में दायर किया जाना अतिआवश्यक है।

उक्त के परिपेक्ष्य में पुनः अनुरोध है कि आप (एवरमोर इण्डिया प्रा० लि०) अथवा आपके द्वारा लिखित रूप से प्राधिकृत प्रतिनिधि को अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में तीन दिनों के अन्दर उपस्थिति होकर कराये गए कार्यो का संयुक्त सत्यापन की कार्यवाही में अपेक्षित सहयोग प्रदान करें, ताकि माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा पारित आदेश का अनुपालन निर्धारित समय—सीमा में निष्पादित किया जा सके।

इसे अतिआवश्यक समझे।

18/08/26

कार्यपालक अभियंता
बागमती प्रमंडल, रून्नीसैदपुर

18/8/26

पत्रांक......1427........../रून्नीसैदपुर, दिनांक......18/08/2026........../

प्रतिलिपि :–सूचना एवं जन–सम्पर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को ई–मेल के माध्यम से राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने हेतु समर्पित।

18/08/26

कार्यपालक अभियंता

बागमती प्रमंडल, रून्नीसैदपुर।

18/8/26

पत्रांक......1427........../रून्नीसैदपुर, दिनांक......18/08/2026........../

प्रतिलिपि :–कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, जल संसाधन विभाग, सूचना प्रावैधिकी केन्द्र, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु प्रेषित।

18/08/26

कार्यपालक अभियंता

बागमती प्रमंडल, रून्नीसैदपुर।

18/8/26

पत्रांक......1427........../रून्नीसैदपुर, दिनांक......18/08/2026........../

प्रतिलिपि :–अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण अंचल, सीतामढ़ी/मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर/अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग अंचल, जल संसाधन विभाग सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

18/08/26

कार्यपालक अभियंता

बागमती प्रमंडल, रून्नीसैदपुर।

18/8/26